2 भालू ने खेली फ़ुटबॉल

आओ पढ़ो (Reading Skill)

सरदियों का मौसम था। सुबह का वक्त। चारों ओर **कोहरा** था। एक शेर का बच्चा सिमटकर गोल-मटोल बना जामुन के पेड़ के नीचे सोया हुआ था।

इधर भालू साहब **सैर** पर निकल तो आए थे लेकिन पछता रहे थे। तभी उनकी नज़र जामुन के पेड़ के नीचे पड़ी। अहा फ़ुटबॉल! सोचा, चलो इससे खेलकर कुछ गरमी **हासिल** की जाए। आव देखा न ताव। भालू जी ने पैर से उछाल दिया शेर के बच्चे को। हड़बड़ी में शेर का बच्चा दहाड़ा और फिर पेड़ की एक डाल पकड़ ली। मगर डाल टूट गई। अगले

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 14 01/11/2019 12:45:46 PM

ही पल भालू जी ने दौड़कर फ़ुर्ती से शेर के बच्चे को पकड़ लिया।

अरे यह क्या! शेर का बच्चा फिर से उछालने के लिए कह रहा था। एक बार फिर भालू दादा ने उछाला। दोबारा... तीन बार... फिर बार-बार यही होने लगा। परंतु भालू थककर परेशान हो गया था। ओह! किस आफ़त में आ फँसा। बारहवीं बार उछालते ही भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई और गायब हो गया ।

अब की शेर का बच्चा धड़ाम से ज़मीन पर आ गया। डाल भी टूट गई। तभी माली वहाँ आया और शेर के बच्चे पर बरस पड़ा-"डाल तोड़ दी पेड़ की। लाओ हर्जाना।" शेर के बच्चे ने कहा- "ज़रा ठीक तो हो लूँ।" माली ने कहा- "ठीक है। मैं अभी आता हूँ।" माली के वहाँ से जाते ही शेर का बच्चा भी नौ दो ग्यारह हो लिया। उसने सोचा-"जान बची तो लाखों पाए।"

कुछ संकेत

दी गई कहानी को कक्षा में पढ़ाते समय बच्चों को अलग-अलग तरह के जानवरों के बारे में बताएँ। शेर और भालू के बारे में पूर्णता समझाएँ।

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 15 01/11/2019 12:45:47 PM

सुनो और बोलो (Listening and Speaking Skill)

शब्द-अर्थ

कोहरा	धुंध	परंतु	लेकिन
सैर	घूमना	आफ़त	मुसीबत
हासिल	लेना	हर्जाना	जुर्माना
फ़ुर्ती	तेज़ी		

अब तक क्या सीखा (Learning and Writing Skill)

1. उत्तर दो-

(क) भालू ने फ़ुटबॉल खेलने का क्यों सोचा?

(ख) शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी?

(ग) शेर का बच्चा बार-बार उछालने को क्यों कह रहा था?

(घ) माली शेर के बच्चे पर क्यों बरस पड़ा?

2. वाक्य पढ़ो और हाँ (✓) या नहीं (✗) का निशान लगाओ-

(क) भालू गरमी के मौसम में सैर को निकला था। ☐

(ख) भालू ने शेर के बच्चे को पैर से उछाल दिया। ☐

(ग) शेर का बच्चा बार-बार उछालने को कह रहा था। ☐

(घ) शेर के बच्चे के साथ भालू को बहुत मज़ा आया। ☐

(ङ) माली डाल तोड़ने का हर्जाना माँग रहा था। ☐

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 16 01/11/2019 12:45:47 PM

3. पहले क्या हुआ, फिर क्या-क्या हुआ? सही क्रम में लगाओ-

- शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल पकड़ ली। ☐
- भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई। ☐
- भालू ने शेर के बच्चे को उछाल दिया। ☐
- भालू साहब सैर को निकले। ☐
- शेर का बच्चा फिर से उछालने के लिए कहने लगा। ☐

भाषा-ज्ञानी बनो (Language Skill)

1. एक जैसी आवाज़ वाले शब्द लिखो-

गोल	-	ढोल	बच्चा	-	....
सैर	-	....	शेर	-	....
जामुन	-	....	जान	-	....
डाली	-	....	ग्यारह	-	....

यह भी जानो-

- नौ दो ग्यारह - भाग जाना
- जान बची तो लाखों पाए - छुटकारा पाना

2. ' र् ' वाले दो शब्द लिखो-

चर्बी ....

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 17 01/11/2019 12:45:47 PM

करके देखो (Creative Skill)

- जब भालू ने शेर के बच्चे को उछाला, तो वह दहाड़ा। उसके दहाड़ने की आवाज़ कैसी होगी, बोलकर दिखाओ।
- नीचे लिखे कामों को कैसे करते हैं? कक्षा में करके बताओ।

कूदना	लपकना	दबोचना
सूँघना	बिदकना	दबे पाँव चलना

- सोचो, भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता तो क्या होता?
- भालू ने ठंड से बचने के लिए फ़ुटबॉल खेलने की सोची। तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करते हो? अपने उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ।
  - गरम कपड़े पहनते हो। ☐
  - रज़ाई ओढ़ते हो। ☐
  - आग तापते हो। ☐
  - गरम चाय/दूध पीते हो। ☐
  - गरम पानी से नहाते हो। ☐
  - दौड़ लगाते हो। ☐

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 18
01/11/2019 12:45:47 PM